# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक—5425/सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक 05—02—2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय— विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षक नामित/चयनित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु दिये गये लॉगिन/लिंक पर विषयवार वाह्य परीक्षकों का नाम निर्धारित तिथि तक पूरित किया जाना है, किन्तु प्रायः देखा जा रहा है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा बिना शिक्षक की सहमति प्राप्त किये परीक्षक नामित/चयनित कर दिया जा रहा है तथा बाद में नामित परीक्षक का नाम पोर्टल से डिलीट किये जाने हेतु विश्वविद्यालय से अनुरोध किया जा रहा है। उक्त कृत्य अत्यन्त ही खेदजनक है तथा प्रयोगिक परीक्षाएं निर्धारित अवधि में सम्पन्न कराये जाने की भी सम्भावना कम है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु दिये गये लॉगिन/लिंक पर सम्बन्धित शिक्षकों से सहमति प्राप्त करते हुए परीक्षक के रूप में नामित करना सुनिश्चित करें, जिससे प्रायोगिक परीक्षाएं समयान्तर्गत सम्पन्न करायी जा सके।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त सम्बन्धित।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक